# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/1905
दिनांक : 08.07.2020

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित परास्नातक स्तर (एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि, एल0एल0एम0) के सत्र 2019–20 की सम सेमेस्टर (जून–2020) द्वितीय एवं चतुर्थ एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की बी0एस–सी0 (कृषि) तथा बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान) की सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम एवं अष्टम यथानुसार) की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षायें तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय) द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (एम0फिल0 सहित) (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त) की सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित विज्ञप्ति : परीक्षा/1866, दिनांक 04.06.2020 एवं संशोधित विज्ञप्ति परीक्षा/1870, दिनांक 12.06.2020 द्वारा दिनांक 06.06.2020 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन भरवाये जा रहे हैं। वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उपरोक्त कक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर भरवाने की तिथियाँ निम्नानुसार पुनः विस्तारित की जाती हैं :–

**ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की पुनः विस्तारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | **06.06.2020** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **17.07.2020** |
| 03. | केवल महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों द्वारा ही परीक्षा फार्म की केवल नोमिनल रोल लिस्ट (एन0आर0) को ऑनलाइन सत्यापित करते हुये विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ईमेल आई0डी0 **dyregistrarexam@ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि | **20.07.2020** |

विशेष नोट :–

1. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
2. समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी का परीक्षा फार्म ऑनलाईन नहीं भरा जायेगा।
4. समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि सन्दर्भित परीक्षा फार्म पूर्ण रूप से भरे जाने के उपरान्त भरे हुये परीक्षा फार्म की एक प्रति निकाल लें अथवा अपने मोबाईल फोन पर download करते हुये अपने पास सुरक्षित रख लें। छात्रों द्वारा सन्दर्भित परीक्षा फार्म की मूल प्रति महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में जमा नहीं की जायेगी। यह भी निर्देशित किया जाता है कि छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ईमेल आई0डी0 **dyregistrarexam@ccsuniversity.ac.in** पर परीक्षा फार्म की प्रति उपलब्ध नहीं करायी जानी है।
5. समस्त महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सभी सम सेमेस्टरों के मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाईन भरे गये परीक्षा फार्मो की कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करायी गयी नोमिनल रोल लिस्ट (एन0आर0) को केवल ऑनलाईन सत्यापित करते हुये, नोमिनल रोल लिस्ट (एन0आर0) की प्रति को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ईमेल आई0डी0 **dyregistrarexam@ccsuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सन्दर्भित परीक्षा फार्म की एक प्रति महाविद्यालय/संस्थान/विभाग अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सन्दर्भित परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
उक्त के अतिरिक्त सन्दर्भित महाविद्यालय/संस्थान/विभाग परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों की कोविड–19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत आनलाईन कक्षाओं के माध्यम से न्यूनतम आवश्यक पढ़ाई की स्थिति सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी विद्यार्थी की ये औपचारिकतायें पूर्ण न हो तो सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा फार्म ऑनलाईन सत्यापन न करते हुये, परीक्षा से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को प्रेषित करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थी न बैठ सकें। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, मा0 प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।

क्रमशः.....2

05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव (गोपनीय / लेखा / सामान्य / कमेटी सैल / अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र / सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक